2. पिता जी को शैक्षिक भ्रमण पर जाने हेतु पत्र लिखिए।

रॉयल पब्लिक स्कूल

हॉस्टल

अलीगढ़

दिनांक ....

पूज्य पिता जी

सादर प्रणाम।

आपका पत्र मिला यह जानकर अच्छा लगा कि वहाँ सब कुशल-मंगल है। मैं भी यहाँ सकुशल हूँ। पिता जी, अगले महीने हमारे विद्यालय के बच्चों को स्कूल की तरफ़ से जयपुर के दर्शनीय स्थलों को दिखाने के लिए ले जाया जा रहा है। यह एक शैक्षिक भ्रमण है। मैं भी इस भ्रमण के लिए जाना चाहती हूँ। इसके लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को 3000 रुपए जमा कराने हैं। आपसे प्रार्थना है कि मुझे 3500 रुपए जल्दी ही भेज दें। अतिरिक्त 500 रुपए मैं अपने खर्चे के लिए माँग रही हूँ। आशा है आप अपनी स्वीकृति और रुपए जल्दी ही भेज देंगे।

माँ को मेरा सादर प्रणाम कहना तथा कृति को बहुत प्यार।

आपकी पुत्री

मानसी